वित्तीय स्वीकृति/आयोजनत्तर

संख्याः 474 /XVII-3/2011-01(बजट)/2011

प्रेषक,

बी0आर0 टम्टा,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण विभाग,
उत्तराखण्ड, हल्द्वानी–नैनीताल।

समाज कल्याण अनुभाग–3 देहरादूनः दिनांकः 05 मई, 2011

विषयः **चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय–व्ययक में समाज कल्याण विभाग से सम्बन्धित अनुदान संख्या–15 के आयोजनेत्तर पक्ष के विभिन्न मदों में प्राविधानित धनराशियों के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्याः 209/XXVII(1)/2011 दिनांक 31 मार्च, 2011 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय–व्ययक में समाज कल्याण विभाग से सम्बन्धित अनुदान संख्या–15 के आयोजनेत्तर पक्ष की वचनवद्ध मदों में प्राविधानित धनराशि को संलग्नक के अनुसार **रू0 2,60,00,000/–(रूपये दो करोड साठ लाख मात्र)** की धनराशि को चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 में वित्त विभाग के उक्त शासनादेश में प्राविधानित एवं निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

1. वित्त अनुभाग–1 के शासनादेश संख्याः 209/XXVII(1)/2011 दिनांक 31 मार्च, 2011 में उल्लिखित समस्त शर्तों एवं दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
2– उक्त धनराशि वचनबद्ध मदों में ही व्यय हेतु आवंटित की जा रही है। अवचनवद्ध मदों हेतु पृथक से प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।
3– अवचनवद्ध मदों में व्यय करने से पूर्व सक्षम स्तर का अनुमोदन अवश्य प्राप्त कर लिया जाय।
4– आयोजनागत पक्ष में प्राविधानित अन्य धनराशि हेतु नियमानुसार औचित्यपूर्ण मांग प्रस्ताप शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।
5– अनुदान के अंतर्गत होने वाले सम्भावित व्यय की फेजिंग (त्रैमास के आधार पर) अनिवार्य रूप से शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, जिससे राज्य स्तर पर कैशफ्लो निर्धारित किये जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न उत्पन्न हो।

6— आय–व्ययक द्वारा व्यवस्थित उक्त धनराशि में से केवल स्वीकृत चालू योजनाओं पर ही व्यय किया जाय और किसी भी दशा में उक्त धनराशि का उपयोग नये कार्यान्वयन के लिए न किया जाय।

7— उक्त आवंटित धनराशि किसी ऐसी मद पर व्यय करने से पूर्व वित्तीय हस्त पुस्तिका के अंतर्गत शासन या अन्य सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक हो तो ऐसा व्यय अपेक्षित स्वीकृति प्राप्त करके ही किया जाए।

8— यह व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित कर लिया जाए कि आवश्यकतानुसार आंवटित धनराशि के प्रत्येक बिल में चाहे वह वेतन आदि के संबंध में हो अथवा आकस्मिक व्यय के संबंध में, सम्पूर्ण मुख्य/लघु/उप तथा विस्तृत शीर्षक को अंकित किया जाए और प्रत्येक बिल में दाहिनी और लाल स्याही से अनुदान संख्या–15 तथा आयोजनागत शब्द स्पष्ट लिखा जाए, अन्यथा महालेखाकार, कार्यालय में सही बुकिंग में बाधा होगी।

9— संलग्नक में वर्णित धनराशियों का समय से उपयोग करने के लिये यह भी सुनिश्चित कर लें कि धनराशि परिधिगत अधिकारियों को तत्काल अवमुक्त कर दी जाए। आवंटन एवं व्यय की स्थिति से यथासमय शासन को अवगत कराया जाए।

10— मितव्ययता के सम्बन्ध में नियमों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

11— यदि किसी अधिष्ठान/योजनाओं के अंतर्गत अतिरिक्त धनराशि की मांग का औचित्यपूर्ण प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

12— अप्रयुक्त धनराशि वित्तीय हस्त पुस्तिका के प्राविधानों के अंतर्गत समय–सारिणी के अनुसार समर्पित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

13— उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन अपने एवं अधीनस्थ स्तरों पर भी सुनिश्चित करें।

14— समस्त चालू निर्माण कार्य, नए निर्माण कार्य, उपकरण व संयंत्र का क्रय, वाहन का क्रय एवं कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टेयर का क्रय की स्वीकृतियों के लिए औचित्यपूर्ण प्रस्ताव शासन को पृथक से उपलबध कराएं।

15— बी0एम0–13 पर संकलित मासिक सूचनाऐं नियमित रूप से शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

16— इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–15 के अंतर्गत संलग्न तालिका में उल्लिखित लेखाशीर्षकों की सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जाएगा।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

(बी0आर0 टम्टा)
अपर सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः 474 (1)/**XVII-3/2011-10(23)/2009** तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव–मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
2. निजी सचिव–मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. निजी सचिव–समाज कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा।
4. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. मण्डलायुक्त, गढवाल, उत्तराखण्ड।
6. निदेशक, समाज कल्याण उत्तराखण्ड, हल्द्वानी–नैनीताल।
7. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवाऐं, उत्तराखण्ड, देहरादून।
8. समस्त कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
9. समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तराखण्ड।
10. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–03, उत्तराखण्ड शासन।
11. समाज कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, सचिवालय, उत्तराखण्ड देहरादून।
12. बजट, राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय, उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर, देहरादून।
13. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर, देहरादून।
14. आदेश पंजिका।

आज्ञा से,

(बी0आर0 टम्टा)
अपर सचिव।

शासनादेश संख्याः 474 (2)/ XVII-3/2011-10(23)/2009,दिनांक 05 मई, 2011

का संलग्न–एक

1. अनुदान संख्या–15 आयोजनेत्तर मतदेय

लेखाशीर्षक :

2225–03–277–91

2225–03–277–91

मुख्य शीर्षक : 2225–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियां तथा अन्य पिछड़ा वर्गो का कल्याण

उप मुख्य शीर्षक : 03– पिछड़ा वर्गो का कल्याण

लघु शीर्षक : 277–शिक्षा

ब्यौरेवार शीर्षक : 91– पिछड़ी जातियों के पूर्व दशम कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रों को निर्धनता के आधार पर छात्रवृत्ति एव अनावर्ती सहायता **(50 प्रतिशत केन्द्र सहायतित)**।

21 छात्रवृत्ति एवं छात्रवेतन।

(धनराशि हजार रूपये में)

जनपद का नाम	धनराशि
21–छात्रवृत्तियां और छात्रवेतन	26000
योग	26000
महायोग	26000

(रूपये दो करोड़ साठ लाख मात्र)

(बी0आर0 टम्टा)
अपर सचिव।